तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 28 अप्रैल 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 कभी रहस्यमए कुएं के पानी पीने से होती थी स्वास्थ्य समस्या



## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.

## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में रोजगार मेला आज

**अम्बिकापुर।** उपसंचालक रोजगार ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा आज 28 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न क्षेत्र के निजी नियोजक विभिन्न तकनीकी एवं गैर तकनीकी लगभग 335 पदों पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित रहेंगे। जिला स्तरीय रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। नियुक्ति की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेदार होंगे। कार्यालय की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में सिर्फ सुविधाप्रदाता के रूप में होगी। जिले के इच्छुक ऐसे समस्त आवेदक जो रोजगार मेला में भाग लेना चाहते है, अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ 28 अप्रैल दिन को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गंगापुर में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार मेला में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते है।

### गौ तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग



**अंबिकापुर।** देश भर में गौ सम्मान दिवस रूप में मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने और पूर्ण गौ-हत्या बंदी की मांग करना है। इस दिन देशभर की तहसीलों में ज्ञापन सौंपकर गौ रक्षा और सम्मान का संकल्प लिया जा रहा है। इसी कड़ी में जय मां समलाया वास्तु ज्योति केंद्र के संचालक पंडित योगेश नारायण मिश्र ने सरगुजा आईजी दीपक झा से मुलाकात कर गो संरक्षण को बढ़ाने के साथ ही गो तस्करी के मामले में कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर सरगुजा आईजी दीपक झा ने भी इसके लिए लगातार प्रयास किए जाने की बात कहते हुए गौ संरक्षण के लिए लगातार प्रयास और गौ तस्करी को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की बात की है। वहीं चर्चा के दौरान पंडित योगेश नारायण मिश्र ने इस पुलिस के कार्रवाई को और भी तेज करने की मांग की ताकि मवेशी तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जा सके।

### पुलिस की बोलेरो वाहन को लेकर फरार हुआ चोर, मचा हड़कंप

**अम्बिकापुर।** पुलिस महकमा में उस समय हड़कंप मच गया जब सत्तीपारा क्षेत्र में गांजा पकड़ने गए पुलिस की बोलेरो वाहन को ही चोरों ने पार कर दिया। सोमवार की शाम पुलिस टीम शहर के सत्तीपारा क्षेत्र में गांजा के अवैध कारोबारी की धर पकड़ करने पहुंची थी। पुलिस के अधिकारी बोलेरो वाहन को खड़ा कर संदिग्ध की तलाश में जुटे थे। इसी बीच पुलिस कर्मचारियों को पता चला की जिस बोलेरो में गए थे वह गायब है। बोलेरो वाहन की चोरी होने पर पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। इसी बीच पुलिस अधिकारी के वाहन में छुटे मोबाइल को ट्रेस किया गया तो मोबाइल का लोकेशन राम मंदिर रोड़ बताया। जिस पर पुलिस टीम तत्काल राम मंदिर रोड पहुंची और न सिर्फ बोलेरो वाहन को बरामद किया बल्कि एक युवक को वाहन के चाबी के साथ पकड़ा। बोलेरो वाहन के मिल जाने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। इधर अब कोतवाली पुलिस पकड़े गए युवक के विरुद्ध अपराध दर्ज करने की तैयारी में जुट गई है।

### एकत्र किए प्लास्टिक, पटाखों के अधजले नमूने

# मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा दुकान की जांच करने पहुंची एक्सपर्ट टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- घटनास्थल पर पहुंची मुहल्लेवासियों की भीड़
- लोगों ने सीसीटीवी एकत्र करने एवं कथन लेने की पेशकश

नगर निगम द्वारा प्लास्टिक सामग्रियों एवं पटाखों में आग लगने से क्षतिग्रस्त मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा दुकान को 24 घंटे के भीतर सुरक्षित ढहाने का फरमान जारी करने के बाद सोमवार को एफएसएल एवं पुलिस की संयुक्त टीम घटनास्थल पर पहुंची एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में दुकान से प्लास्टिक एवं पटाखों के नमूनों को एकत्र किया। इस दौरान जांच दल के सदस्य एक घंटे तक घटनास्थल पर मौजूद रहे।

शहर के हृदयस्थल रममंदिर मार्ग स्थित घनी आबादी में संचालित मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा दुकान में 23 अप्रैल को दोपहर में भीषण आग लग गई थी। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया था। आग की लपटें एवं काले धुएं का गुबार 10 किमी दूर तक दिखाई दे रहा था। इस दौरान पटाखा गोदाम में आग भड़कने के कारण घंटों तक तेज धमाके होते रहे। आग आसपास के आधा दर्जन घरों एवं दुकानों में भी फैल गई थी जिससे लोगों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने उच्च स्तरीय संयुक्त जांच दल का गठन कर सात दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। शनिवार एवं रविवार को अवकाश होने के कारण टीम घटना की जांच प्रारंभ नहीं कर पाई थी। सोमवार को दोपहर जांच दल के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे तथा आग से झुलसे दुकान से प्लास्टिक एवं पटाखों के अधजले नमूनों को एकत्र किया। टीम के सदस्य फॉरेंसिक एक्सपर्ट कुलदीप कुजूर ने बारिकी से दुकान में जमे मलबे व आग से सुलगती प्लास्टिक थैलियों के बीच से अधजले एवं जले पटाखों के रेपर, खोखे व प्लास्टिक के नमूनों को एकत्र किया। इस दौरान दुकान में प्रतिबंधित प्लास्टिक की अधजली थैलियां भी मिली। इस दौरान आग के पाइंट का पता लगाने की भी कोशिश की गई लेकिन प्लास्टिक थैलियों में अभी आग धधकने एवं दुकान से आग बरसने के कारण अधिकारी भीतर घुसने की हिम्मत नहीं जुटा सके। फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने दुकान की आग शांत होने के साथ ही तापमान में कमी आने के बाद जांच कर आर्क पाइंट का पता लगाने की बात कही। जांच दल के घटनास्थल पर पहुंचने की सूचना पर बड़ी संख्या में वार्डवासी सहित आसपास के लोग पहुंचे थे। वार्डवासियों ने अपने कथन दर्ज कराने की पेशकश की सूचना पर दुकान संचालक भी पहुंचा था। इस दौरान दुकान से प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने की बात पर उसने एक मीडियाकर्मी से बहस भी की। उपस्थित लोगों द्वारा आक्रोश जताने पर व्यवसाई शांत हुआ।



जांच करती फॉरेंसिक टीम।



जब्त सेम्पल।

#### टीम ने एकत्र किए 1000 सीसीटीवी फूटेज

इस दौरान वार्डवासियों ने टीम के सदस्यों से मुहल्ले में लगे सीसीटीवी फूटेज लेने एवं उनका कथन लेने की पेशकश की। उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हमने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से एक जार सीसीटीवी फूटेज एकत्र किए हैं। मुहल्ले के सीसीटीवी फूटेज एकत्र करने के साथ ही लोगों के कथन लिए जाएंगे। मुहल्लावासियों ने कहा कि गली में लगे सीसीटीवी कैमरों के एक सप्ताह के सीसीटीवी फूटेज से यह स्पष्ट हो जाएगा कि इस दौरान दुकान में कितने मात्रा में पटाखा मंगाए गए हैं तथा कितने का विक्रय किया गया है। सीसीटीवी फूटेज से आग लगने के दौरान घंटों हुए धमाकों की भी जानकारी मिल जाएगी। पुलिस अधिकारी ने मुहल्ले वासियों को गली के घरों से भी सीसीटीवी फूटेज एकत्र करने का आश्वासन दिया।

#### दुकान में अभी भी धधक रही आग

जांच के दौरान फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने अपने हाथों में ग्लोब्स लगाकर प्लास्टिक के जले कचरे के ढेर से प्लास्टिक का नमूना लेने का प्रयास कर रहे थे इस दौरान ढेर में आग सुलगने के कारण श्री कुजूर के हाथ के ग्लोब्स चिपक गए। फॉरेंसिक एक्सपर्ट को गर्मी महसूस हुई तो उन्होंने तत्काल अपनी उंगलियों को अलग कर ग्लोब्स को बाहर निकाला। इस दौरान थोड़ा भी विलम्ब होने पर उनकी उंगलियां झुलस सकती थी।

#### ननि के फरमान पर उठ रहे सवाल

नगर निगम आयुक्त ने रविवार को अवकाश के दिन मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा दुकान के संचालक को नोटिस जारी कर दुकान के खतरनाक भवन को 24 घंटे के भीतर सुरक्षित तरीके से ढहाने का फरमान जारी किया है। आग से प्रभावित लोगों के साथ ही शहरवासी ननि के इस आदेश को व्यवसायी को बचाने का षडयंत्र मान रहे हैं। लोगों का कहना है कि ननि ने स्वयं भी घटना की जांच के लिए सात सदस्यीय दल का गठन किया है। कलेक्टर द्वारा गठित उच्चस्तरीय जांच दल गठित किया गया है। उच्चस्तरीय जांच दल ने रविवार को जांच प्रारंभ नहीं की थी। ननि के जांच दल ने भी अभी जांच प्रारंभ नहीं की है। ऐसे में ननि के आदेश को दुकान संचालक को साक्ष्यों को मिटाने की छूट देने का प्रयास माना जा रहा है। यह सत्य है कि लगातार पांच-छह दिनों तक आग धधकने एवं घंटों विस्फोट होने के कारण दुकान के पीछे का हिस्सा गिर गया है तथा भवन अत्यंत खतरनाक हो गया है। भवन के कभी भी गिरने की संभावना जताई जा रही है लेकिन उच्चस्तरीय जांच दज द्वारा तथ्यों की जांच किए बिना इस तरह के आदेश को व्यवसायी को बचाने का षड्यंत्र माना जा रहा है। ननि के आदेश से शहरवासियों में भारी आक्रोश है।

#### एकत्र किए है नमूने

जांच दल के सदस्य आज घटनास्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान दुकान की परिस्थितियों का जायजा लिया गया साथ ही प्लास्टिक एवं पटाखा के नमूने एकत्र किए गए हैं।

-कुलदीप कुजूर
फॉरेंसिक विशेषज्ञ

# भीषण गर्मी के बीच पानी की समस्या, घेरा ननि कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बाल्टी, डब्बा लेकर किया प्रदर्शन

भीषण गर्मी के बीच शहर में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। शहर के कई वार्डों में लोगों को नियमित रूप से पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी नहीं मिलने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। ऐसे में सोमवार को सामजिक कार्यकर्ताओं व वार्डवासियों ने नगर निगम कार्यालय का घेराव करने के साथ ही बाल्टी, डब्बा लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने एक सप्ताह में स्थिति नहीं सुधरने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। बता दें कि इन दिनों सरगुजा में भीषण गर्मी का प्रकोप है। गर्मी के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच शहर में पेयजल की किल्लत ने एक और समस्या उत्पन्न कर दी है। शहर के कई वार्डों में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है वहीं ज्यादातर वार्डों में पानी की सप्लाई कम कर दी गई है। पहले की अपेक्षा कम पानी मिलने व पानी की किल्लत से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी नहीं मिलने से लोगों में रोष का माहौल है। ऐसे में समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अंकुर सिन्हा, सुजान बिन्द के नेतृत्व में वार्ड वासियों ने नगर निगम कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने ननि सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने के साथ ही जनप्रतिनिधियों पर जनता की समस्याओं को नहीं सुनने और फोन रीसिव नहीं करने का भी आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपते हुए एक सप्ताह में पेयजल समस्या का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। बता दें कि पाइप लाइन के मरम्मत कार्य के लिए दो दिनों तक शहर में शाम के पानी आपूर्ति को बंद किया गया था लेकिन सुबह के समय भी पर्याप्त पानी की सप्लाई नहीं की गई जिससे यह समस्या हुई।

इस सम्बन्ध में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने बताया कि शहर में पानी की जो भी समस्या है उसे दूर किया जा रहा है। कुछ वार्डों में बनी कालोनियों में भी बिल्डर की लापरवाही से पानी की समस्या है। नगर निगम द्वारा टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है।



प्रदर्शन करते लोग।



# आकाशीय बिजली गिरने से 2 बैल समेत 16 बकरा-बकरियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

- गोविन्द पुर में हुई घटना

भीषण गर्मी के बीच अचानक मौसम में आए बदलाव और तेज आंधी के साथ हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक साथ बकरियों समेत 16 मवेशियों की मौत हो गई। इसके साथ ही ग्रामीण बाल बाल बच गए। फ़िलिहाल इस घटना से ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पडा है।

बता दें कि इन दिनों सरगुजा में भीषण गर्मी का प्रकोप हावी है। सूरज की तेज तपिश के कारण तापमान 41.5 डिग्री तक पहुंच गया। भीषण गर्मी से जन जीवन अस्त व्यवस्त है। इस बीच सोमवार की दोपहर बतौली क्षेत्र में अचानक ही मौसम में बदलाव हुआ। आसमान में बदल छाने के साथ ही तेज हवाएं चलने लगी और हल्की बारिश हुई। अचानक बदले मौसम के बीच आसमान में जमकर बादल गरजे। बारिश से बचने के लिए ग्रामीणों के बैल एवं बकरा-बकरी पेड़ के नीचे खड़े थे। इसी दौरान पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से गाज की चपेट में आने से एक जोड़ी बैल और 14 नग बकरा-बकरी की मौके पर ही मौत हो गई। आकाशीय बिजली की घटना में ग्राम पंचायत गोविंदपुर के मनीराम को एक जोड़ी बैल, आनंद कुजूर को 9 व मदन को 5 बकरा बकरी का नुकसान उठाना पडा है। ग्रामीणों का कहना है कि ये मवेशी उनके आय का साधन थे और अब परिवार के सामने रोजी रोटी की सामस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी है। गनीमत रही कि घटना के दौरान कोई व्यक्ति गाज की चपेट में नहीं आया।

## गोल्फ खिलाड़ी शिवानी इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शहर की प्रतिभाशाली गोल्फ खिलाड़ी शिवानी सोनी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली छत्तीसगढ़ की पहली महिला खिलाड़ी के रूप में शिवानी को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सम्मानित किया गया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने उनसे भेंट कर उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि जब बेटियां अपनी मेहनत और प्रतिभा से सफलता के नए आयाम स्थापित करती हैं, तो पूरा समाज गर्व महसूस करता है। शिवानी सोनी की उपलब्धि न केवल युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभा का वैश्विक मंच पर सशक्त प्रमाण भी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और ऐसे खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर शिवानी सोनी ने भी मंत्री श्री अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें प्रदेश और देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना गर्व की बात है और वह आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करने के लिए पूरी मेहनत करेंगी।

# एंबुलेंस में प्रसव, अस्पताल लाते समय हुई प्रसूता की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अत्यधिक रक्तस्त्राव से गंभीर हुई प्रसूता

प्रसव पीड़ा से तड़प रही प्रसूता ने एंबुलेंस में शिशु को जन्म दी। प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्त्राव होने से गंभीर हुई प्रसूता की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम नावाडीह निवासी सैदून बीबी पति शाहजहां (28 वर्ष) गत दिन प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्रसूता की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस से प्रसूता लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ला रहे और जैसे ही बरियो के समीप पहुंचे तभी प्रसव पीड़ी बढ़ जाने से प्रसूता ने एंबुलेंस में शिशु को जन्म दी। इधर अत्यधिक रक्तस्त्राव होने से प्रसूता की हालत काफी बिगड़ गई। परिजन जच्चा बच्चा को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत प्रसूता को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### गर्भपात टेबलेट खाने से गर्भवती युवती की बिगड़ी थी तबीयत, मौत

बैकुंठपुर जिला अस्पताल से रेफर गर्भवती युवती के मौत हो जाने के बाद आज पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया। साथ ही लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।पुलिस के मुताबिक बैकुंठपुर क्षेत्र के 25 वर्षीय युवती का विवाह 24 अप्रैल को होना था। विवाह की तैयारी की जा रही थी तभी युवती ने पेट में दर्द होने की शिकायत की। परिजन युवती को लेकर बैकुंठपुर अस्पताल गए जहां जांच उपरांत पता चला कि युवती गर्भवती है। इधर युवती की हालत गंभीर होने पर गत दिन परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के कुछ समय बाद युवती की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 22 अप्रैल को मंडप था और 24 का बारात आना था। तभी युवती की तबीयत बिगड़ गई थी। पीएम के बाद पता चला कि युवती बच्चेदानी में काफी मवाद होने से संक्रमण फैल गया था जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शादी से पूर्व युवत का किसी दूसरे युवक से प्रेम प्रसंग था जिसके बाद व चार माह की गर्भवती हो गई थी। इधर विवाह तय हो जाने पर गर्भपात के लिए युवती टेबलेट खाने लगी जिससे बच्चा दानी में इंफेक्शन हो गया।

### सूने मकान में चोरी का प्रयास, सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी

**अम्बिकापुर।** बतौली निवासी ममता गुप्ता पति ताराचंद गुप्ता ने थाने में शिकायत की है कि 25 अप्रैल को घर में ताला लगाकर पुत्र के साथ पारिवारिक शादी में शामिल होने शहर आए थे। जबकि घर में कोई नहीं था। इसी बीच रात 12 से 1 बजे के बीच दो नकाब पोश पहुंचे और घर के दरवाजे में लगे ताला को तोड़ने का प्रयास किया। इसी बीच पड़ोसियों ने हलचल होने पर मौके पर पहुंचे तो दोनों दीवार फांदकर भाग निकले वहीं ताले में लगे लोहे की रॉड मिला। ताला तोड़ने की घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड गया है। ममता गुप्ता के मुताबिक 11 नवम्बर 2020 को भी उसके घर में चोरी हुई थी जिसमें 10 से 12 लाख रूपए के जेवर व नगदी को चोरों ने पार कर दिया था। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज है। परंतु आज तक चोरों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पीड़िता ने घर में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज किए जाने तथा आरोपियों को पकड़ने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत की सामान्य सभा आज

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर की सामान्य सभा की बैठक 28 अप्रैल को आयोजित की गई। यह बैठक जनपद पंचायत अध्यक्ष उदय सिंह की अध्यक्षता में जनपद पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12:30 बजे से शुरू होगी। बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, परिवार सहायता योजना, 15 वें वित्त आयोग योजना, विकसित भारत जी राम जी योजना सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को भी एजेंडे में शामिल किया जा सकता है। सामान्य सभा के बाद सामान्य प्रशासन समिति की बैठक दोपहर 3 बजे से आयोजित होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन में लिफ्ट सुविधा की मांग

**बैकुण्ठपुर।** शहर के शर्मा अस्पताल के संचालक डॉ.राकेश शर्मा ने संभागीय रेलवे प्रबंधक बिलासपुर जोन को पत्र लिखकर बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन में सुविधाएं बढ़ोतरी की मांग की। डॉ. शर्मा ने संभागीय रेल्वे प्रबंधक बिलासपुर जोन को लिखे पत्र में बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन को अमृत भारत मिशन के तहत उन्नयन कार्य की सराहना करते हुए मांग किया कि बैकुंठपुर रोड स्टेशन एक एवं दो में लिफ्ट निर्माण की अनुमति आदेश पारित करने की मांग की है ताकि इस स्टेशन में यात्रियों को सुविधा मिल सके और बुजुर्ग एवं बीमार यात्रियों के लिए यह सुविधा सुविधाजनक होगा।

### खरीफ सिंचाई बिल वसूली करने की शिकायत

**बैकुण्ठपुर।** खरीफ फसल का अवैध रूप से सिंचाई बिल वसूल किया जाने को लेकर ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त शिकायत कलेक्टर कोरिया को देकर खरीफ फसल का सिंचाई बिल को माफ किए जाने की मांग की। प्राप्त शिकायत के अनुसार जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत झरनापारा के ग्रामीण राजेन्द्र सिंह, देव कुमार, बहादुर, उजागर, राजेश सिंह, रामकुंवर, अशोक सिंह, अनिल कुमार, कृष्ण कुमार, विनय सिंह मानकुंवर, उजित राम, कलेश्वर ने हस्ताक्षरयुक्त शिकायत 27 अप्रैल को देकर अवगत कराया कि ग्राम झरनापारा के ग्रामीण नकटी जलाशय चारपारा से सिंचाई के लिए नहर गया है, खरीफ फसल के दौरान उक्त जलाश से ग्राम झरनापारा का कोई भी किसान सिंचाई का उपयोग नहीं करते हैं, लेकिन बिना किसी गिरदावरी के जल संसाधन विभाग के अमीन संतलाल कुशवाहा के द्वारा अवध रूप से सिंचाई बिल ग्रामीणों को भेजकर सिंचाई बिल वसूल किया जा रहा है। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि खरीफ फसल में कोई भी किसान उक्त जलाशय के पानी का उपयोग नहीं करते। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस संबंध में जांच कर एवं ग्राम वासियों से पंचनामा मंगाकर कार्रवाई करते हुए कृषकों का खरीफ फसल का सिंचाई बिल माफ करने की मांग की।

### निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन

**बैकुण्ठपुर।** देश सेवा का सपना देखने वाले युवाओं के लिए भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026-27 के तहत ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल तक पूर्ण किया जा चुका है। भर्ती के अंतर्गत आयोजित होने वाली ऑनलाईन लिखित परीक्षा (सीईई) माह जून-2026 में संभावित है। युवाओं को परीक्षा के लिए बेहतर रूप से तैयार करने के उद्देश्य से संचालनालय रोजागर एवं प्रशिक्षण छग के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बैकुंठपुर द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 4 मई से 4 जून तक संचालित होगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पंजीकत अभ्यार्थियों को लिखित परीक्षा की तैयारी में मार्गदर्शन प्रदान करना है। जिससे वे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

---

डुमरियापारा के कुएं से अब हो रही लोगों की निस्तारी

# कभी रहस्यमए कुएं के पानी पीने से होती थी स्वास्थ्य समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



कोरिया जिले के सोनहत जनपद के ग्राम पंचायत सुंदरपुर के डुमरियापारा में एक ऐसा कुआं मौजूद है जो कुछ वर्षों पूर्व अभिशाप की तरह था, तब कुएं का पानी पीने के साथ ही व्यक्ति की हालत ऐसी हो जाती जैसे किसी को तेज धूप लग जाने के बाद मूत्र विसर्जन में जलन की समस्या होती है।

उस दौरान लोग समझ रही पा रहे थे कि आखिर कुएं के पानी में ऐसा क्या है कि इसका पानी पीने के साथ ही कोई व्यक्ति असहज महसूस करने लगता और किसी भी मौसम में मूत्र विसर्जन में जलन की समस्या पैदा हो जाती। इस रहस्या को तब के लोग समझ नहीं पा रहे थे। इस संबंध में कुआं के मालिक राजकुमार ने बताया कि ऐसी समस्या काफी समय पहले थी। अब ऐसी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि हम लोग इसी कुएं का पानी अब पीते हैं। राज कुमार ने बताया कि एक बार दर्रीपारा से विशेष कार्यक्रम में कुछ लोग आए थे, जिन्हें इस कुएं का पानी पीने के बाद समस्या हुई थी, तब से लोग कुएं का पानी पीना बंद कर दिए थे।

सफाई व पक्कीकरण के बाद दूर हुई समस्या-

कुएं का मालिक राजकुमार ने बताया कि घर के पास निर्मित कुएं के पहले लकडी से बांधा गया था और बहुत समय से ऐसा ही हाल कुएं का था, लेकिन करीब 15 वर्ष पूर्व लकड़ी को हटाकर कुएं की साफ-सफाई की गई और कुएं को सीमेंट से पक्कीकरण कर दिया गया और उसके बाद से कुएं के पानी का उपयोग कर रहे हैं किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। संभवतः लंबे समय से लकड़ी से बंधे होने के कारण ही पूर्व में इस तरह की समस्या उत्पन्न होती रही होगी ऐसा अनुमान लगाई जाती है। अब किसी तरह की कोई समस्या नहीं है।

---

चार महीने से सूखी पाइपलाइन

# नल-जल योजना बनी दिखावा ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरडी के ग्राम पंडोपारा में केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन (प्रधानमंत्री नल-जल योजना) की जमीनी हकीकत चिंताजनक नजर आ रही है। योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन और निर्मित पानी टंकी के बावजूद बीते चार महीनों से गांव में पानी की नियमित सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी है।

ग्रामीणों के अनुसार योजना की शुरूआत में कुछ दिनों तक पानी की आपूर्ति हुई थी, जिससे लोगों में उम्मीद जगी थी कि उनकी वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान हो जाएगा, लेकिन यह राहत अस्थायी साबित हुई और कुछ ही दिनों बाद सप्लाई बंद हो गई। तब से अब तक हालात जस के तस बने हुए हैं। आज भी गांव की महिलाएं और बच्चे कई किमी दूर जाकर पानी लाने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी में यह समस्या और गंभीर हो गई है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। गांव में खड़ी पानी टंकी और पाइपलाइन अब केवल दिखावे का प्रतीक बनकर रह गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विभागीय टीम द्वारा निरीक्षण तो किया गया, पर मरम्मत कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। अधिकारियों द्वारा केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा। इस समस्या का सबसे ज्यादा असर महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। पानी लाने में लगने वाला समय बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित कर रहा है, वहीं महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि करोड़ों रूपए खर्च होने के बावजूद योजना का लाभ ग्रामीणों तक क्यों नहीं पहुंच पा रहा है।



---

## विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता रैली



**मनेन्द्रगढ़।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शहर में जनजागरूकता रैली निकालकर मलेरिया उन्मूलन का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय सिविल अस्पताल परिसर मनेन्द्रगढ़ से हुई, जहां हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. स्वप्निल तिवारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसएस सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लिए हुए थे और जन-जन ने ये ठाना है, मलेरिया को जड़ से मिटाना है जैसे नारों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आम नागरिकों को जागरूक करते रहे। रैली के दौरान विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

---

# पीएम आवास योजना में गड़बड़ी नहीं, तकनीकी त्रुटि का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



ग्राम कैलाशपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थी से जुड़े मामले में सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक समाचार का जनपद पंचायत, सोनहत द्वारा आधिकारिक रूप से खंडन किया गया है। दोनों को किस्त मिल गया है। संतलाल ने प्लीन्थ तक आवास बना लिया इसलिए उसे दो किस्त प्राप्त है। समय लाल ने प्रथम किस्त प्राप्ति उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं किया है।

जानकारी के अनुसार संबंधित हितग्राही समयलाल एवं उनके सगे भाई संतलाल, दोनों ही प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंजीयन के दौरान तकनीकी त्रुटि के चलते समयलाल की आवास आईडी में संतलाल की जानकारी दर्ज हो गई, जिसके कारण प्रथम किस्त की राशि संतलाल के खाते में चली गई। चूंकि भुगतान आधार आधारित प्रणाली से किया गया था, इसलिए बाद में आवास आईडी में सुधार संभव नहीं हो सका।

इस स्थिति में स्थानीय स्तर पर समाधान करते हुए संतलाल की आईडी में समयलाल का आधार अपडेट कर प्रथम किस्त की 40,000 रूपए की राशि समयलाल को उपलब्ध कराई गई। जनपद पंचायत ने स्पष्ट किया है कि दोनों हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है और यह पूरा मामला केवल आधार एवं आईडी के आपसी परिवर्तन (स्वैप) से जुड़ी तकनीकी त्रुटि का है। इसमें किसी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार नहीं पाया गया है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि अपुष्ट खबरों पर विश्वास न करें और किसी भी जानकारी के लिए अधिकृत स्त्रोतों पर ही भरोसा रखें।

---

# टूटी छत से सुरक्षित आशियाने का मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जब किसी जरूरतमंद तक सरकारी योजना का लाभ सही समय पर पहुंचता है, तो वह केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि जीवन में नई उम्मीद और खुशियों का संचार बन जाता है। ऐसा ही एक प्रेरक उदाहरण बैकुंठपुर जनपद के ग्राम पंचायत खोड़री में देखने को मिला, जहां पेशे से ड्राइवर भोलाराम के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

दूसरों की गाड़ियां चलाकर महीने के केवल 6-7 हजार रूपए कमाने वाले भोलाराम के लिए पक्के मकान का सपना कभी हकीकत नहीं लगता था। कच्चे घर में परिवार के साथ जीवन बिताना उनकी मजबूरी थी। बारिश के मौसम में हालात और भी कठिन हो जाते थे। उनकी पत्नी हेमा बताती हैं कि जब भोलाराम काम केक सिलसिले में बाहर रहते थे, तब उन्हें अपने और बच्चे की सुरक्षा को लेकर हर पल डर बना रहता था, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने इस परिवार की जिंदगी बदल दी। गत वर्ष योजना के तहत चयनित होने के बाद उन्हें पक्के घर के निर्माण के लिए आर्थिक सहायता मिली, इसके बाद भोलाराम और उनकी पत्नी ने दिन-रात मेहनत कर महज चार से पांच महीनों में अपना नया आशियाना तैयार कर लिया।



---

# छात्र-छात्राओं ने लिया जागरूकता का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर 25 अप्रैल को जिला अस्पताल परिसर में एक प्रेरणादायी एवं जनहितकारी स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**विश्व मलेरिया दिवस**

न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने उत्साह और सेवाभाव के साथ भाग लेते हुए पोस्टर एवं संवाद के माध्यम से आमजन को मलेरिया के कारण, लक्षण, उपचार और बचाव के उपायों की जानकारी दी। संस्था संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य डॉ. अंजना सेम्यूल के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा रखी गई है जो मलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित करती है। विशेषज्ञों के अनुसार मलेरिया एक संक्रामक रोग है, जो संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इसके प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, ठंड लगना, उल्टी, थकान और चक्कर आना शामिल हैं। समय पर उपचार न मिलने पर यह बीमारी गंभीर रूप ले सकती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता बनाए रखने, जल भराव से बचने, मच्छरदानी के उपयोग और लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। फैकल्टी सदस्य सुप्रिया तिवारी के निर्देशन में आयोजित इस जागरूकता अभियान में छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही।

---

### ग्रामीणों को मिली जलसंकट से राहत

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और गहराते जल संकट के बीच लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कमर कस ली है। प्रशासन की सक्रियता से ग्रामीण क्षेत्रों में बंद पड़े हैंडपंपों को युद्ध स्तर पर सुधारा जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। विभागीय टीम ने हाल ही में विकासखंड भरतपुर के ग्राम पंचायत घाघरा, बेला और लरकोडा का दौरा किया। यहां लंबे समय से खराब और बंद पड़े हैंडपंपों का न केवल निरीक्षण किया गया, बल्कि मौके पर ही उनकी मरम्मत कर उन्हें दोबारा चालू किया गया। भीषण गर्मी की तीव्रता को देखते हुए प्रशासन ने खराब हैंडपंपों को प्राथमिकता के आधार पर सुधारने के निर्देश दिए हैं। विभाग की इस मुस्तैदी से ग्रामीणों को अब स्वच्छ पेयजल के लिए दूर नहीं भटकना पड़ रहा है।

---

# जिले में 15 दिवसीय सघन जांच अभियान शुरू

**बैकुण्ठपुर।** जिले में नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 15 दिवसीय सघन जांच अभियान की शुरूआत की गई है। सोमवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अभियान के सफल संचालन को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता विहीन उत्पादों के सेवन से विभिन्न बीमारियां फैलती हैं, इसलिए सघन जांच कर ऐसे उत्पादों पर प्रभावी रोक लगाना आवश्यक है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा 27 अप्रैल से 11 मई तक सही दवा-शुद्ध आहार-यही छग का आधार थीम पर यह अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत जिले में खाद्य एवं औषधि प्रकोष्ठ की दो टीमों का गठन किया जाएगा, जिनमें खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल किए जाएंगे। खाद्य प्रकोष्ठ के अंतर्गत कार्रवाई के लिए जिले में पदस्थ अभिहित अधिकारी, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं नमूना सहायक के साथ राजस्व एवं पुलिस विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी जांच कार्य में शामिल रहेंगे। अभियान के दौरान चाट-गुपचुप सेंटर, जूस एवं गन्ना रस केन्द्र, डेयरी उत्पाद विक्रेता, होटल-रेस्टोरेंट, स्वीट शॉप, बेकरी यूनिट, मिड-डे-मील केन्द्र, अस्पताल कैंटीन, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर यूनिट, ढाबा, फल-सब्जी विक्रेता तथा आइसक्रीम व कन्फेक्शनरी दुकानों की सघन जांच की जाएगी। बैठक में एडीएम सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, अनुविभागीय दंडाधिकारी बैकुंठपुर उमेश पटेल, जिला चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रशांत सिंह, एसडीओपी राजेश साहू, ड्रग्स इंस्पेक्टर आलोक मिंज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



---

## घुटरा जंगल में जुआ खेलते 5 आरोपी गिरफ्तार

**मनेंद्रगढ़।** जिले में अवैध जुआ-सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए घुटरा-सलवा जंगल क्षेत्र से 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नगद राशि सहित जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री भी जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल को पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि घुटरा-सलवा के जंगल में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर रेड कार्रवाई की गई। घटना स्थल मुख्य मार्ग से लगभग एक किलोमीटर अंदर जंगल में स्थित था।

## समय-सीमा की हुई बैठक

**बैकुण्ठपुरः** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले में आयोजित होने वाले सुशासन तिहार 2026 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुशासन तिहार के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को उनके दायित्व सौंप दिए गए हैं।

---

प्रबंधन के नए आदेश के बाद कामगारों में असंतोष व्याप्त

# रविवार ड्यूटी को लेकर बड़ा विवाद, कामगारों का सामूहिक बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत आने वाली चरचा माइन आरओ में रविवार ड्यूटी को लेकर गंभीर विवाद सामने आया है।

प्रबंधन के नए आदेश के बाद कामगारों में भारी असंतोष फैल गया, जिसका असर रविवार को स्पष्ट रूप से देखने को मिला। तीनों पालियों के अधिकांश कामगारों ने ड्यूटी का बहिष्कार कर दिया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले रविवार की ड्यूटी बंद थी, जिससे कामगारों में असंतोष बना हुआ था। इसी बीच प्रबंधन ने 26 अप्रैल से पुनः रविवार ड्यूटी शुरू करने का आदेश जारी किया। आदेश में सभी अधिकारियों, स्टाफ और कर्मचारियों को उत्पादन कार्य के लिए रविवार को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। प्रबंधन द्वारा निर्धारित शर्तों में सप्ताह में कम से कम 4 दिन उपस्थिति अनिवार्य की गई है। साथ ही अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक अंडरग्राउंड कर्मचारियों के लिए 190 दिन और सरफेस कर्मचारियों के लिए 240 दिन की उपस्थिति तय की गई है। डीआर और एमआर श्रेणी के कर्मचारियों को सूची के आधार पर ड्यूटी पर बुलाने तथा लाइट ड्यूटी पर कार्यरत कर्मियों को रविवार को विश्राम देने की बात कही गई है। हालांकि कामगारों का आरोप है कि इन नियमों का पालन निष्पक्ष तरीके से नहीं किया जा रहा। उनका कहना है कि सभी पात्र कर्मचारियों को ड्यूटी नहीं दी जा रही, बल्कि केवल चुनिंदा नामों की सूची जारी की गई है, इससे चयन प्रक्रिया में पक्षपात की आशंका और नाराजगी बढ़ गई है। रविवार को विरोध का असर इतना व्यापक रहा कि चरचा से कटगोड़ी साइड जाने वाली बसें लगभग खाली रहीं। कई बसों में केवल 1 से 4 कामगार ही ड्यूटी के लिए पहुंचे, जबकि अधिकांश ने सामूहिक रूप से बहिष्कार किया।



कामगार संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं लाई गई और सभी पात्र कर्मियों को समान अवसर नहीं दिया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि पूरी ड्यूटी सूची सार्वजनिक की जाए और चयन का आधार स्पष्ट किया जाए। इस विवाद का असर उत्पादन पर भी पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

---

## धूप-छांव का खेल दिनभर जारी, उमस भरी गर्मी से जनजीवन प्रभावित

**सोनहत।** क्षेत्र में शनिवार को मौसम ने दिनभर करवटें लीं। सुबह तेज धूप के साथ दिन की शुरूआत हुई, वहीं दोपहर बाद आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई, जिससे देर शाम तक धूप-छांव की स्थिति बनी रही।

दोपहर के बाद मौसम में आए बदलाव से लोगों को तेज गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन बढ़ी हुई उमस के कारण लोग पसीने से तर-बतर नजर आए। लगातार बढ़ती गर्मी से हर वर्ग परेशान है और जनजीवन पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। गर्मी का असर कृषि क्षेत्र पर भी पड़ने लगा है। खासकर सब्जी की फसलों पर इसका नकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। स्थानीय सब्जी उत्पादक किसानों के अनुसार बढ़ते तापमान के कारण फसलों में फ्लावर ड्रॉपिंग फूल झड़ने की समस्या बढ़ रही है, जिससे उत्पादन प्रभावित हो रहा है। किसानों का कहना है कि भीषण गर्मी में पौधों को सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है, इससे उन्हें आर्थिक नुकसान की आशंका भी सता रही है।



## खबर संक्षेप



### तपती गर्मी में लटोरी पुलिस द्वारा ग्रामीणों के लिए खोला गया प्याऊ

**बिश्रामपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए सूरजपुर एसएसपी के द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर ठंडे पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं,इसी क्रम में सोमवार को चौकी लटोरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लटोरी स्थित अंबिकापुर–बनारस हाईवे मार्ग किनारे बने यात्री प्रतीक्षालय में राहगीरों एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए शीतल पेयजल (प्याऊ) की व्यवस्था की गई। पेयजल स्टॉल का उद्घाटन चौकी प्रभारी लटोरी अरुण गुप्ता द्वारा स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान ग्रामीणों के साथ चौकी लटोरी के आरक्षक विकास मिश्रा, शोभनाथ कुशवाहा, जयप्रकाश यादव एवं भोला केरकेट्टा उपस्थित रहे।

### बाइक भिड़ंत में गंभीर हुए किशोर की गई जान

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बटवाही निवासी अनिक सिंह पैकरा आ. श्याम लाल पैकरा (14 वर्ष) गत दिनों दो दोस्तों के साथ घूमने बाइक से शहर आया था। इसी बीच बिलासपुर चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी अनिक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आज सुबह उपचार के दौरान किशोर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### घुटरा जंगल में जुआ खेलते 5 आरोपी गिरफ्तार



मनेंद्रगढ़। जिले में अवैध जुआ-सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए घुटरा-सलवा जंगल क्षेत्र से 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नगद राशि सहित जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री भी जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल को पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि घुटरा-सलवा के जंगल में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर रेड कार्रवाई की गई। घटना स्थल मुख्य मार्ग से लगभग एक किलोमीटर अंदर जंगल में स्थित था। पुलिस टीम ने ग्रामीण वेशभूषा में पहुंचकर घेराबंदी की, जिससे जुआरियों को शक नहीं हुआ और सभी आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में संतोष कुमार साण्डिल्य (32 वर्ष), निवेश कुमार खलखो (19 वर्ष), भानु सिंह गोंड (36 वर्ष), विवेक मिश्रा (27 वर्ष) एवं दिलीप कुमार (26 वर्ष) शामिल हैं। सभी अलग-अलग क्षेत्रों के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 57,000 रुपये नगद, ताश की 4 गड्डियां और एक तिरपाल जब्त किया है। सभी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तारी की गई है।

## झींगा नाला में 2 करोड़ 61 लाख 74 हजार की लागत से एनीकट सह काजवे का निर्माण

# एनीकट सह काजवे निर्माण में भारी गड़बड़ी ग्रामीणों ने लगाया घटिया निर्माण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

झींगा नाला में करोड़ो की लागत से निर्माणाधीन एनीकट सह काजवे में घटिया निर्माण का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने महिला पंच के नेतृत्व में घटिया निर्माण का आरोप लगाते हुए स्थानीय विधायक समेत विभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही महिला पंच एवं ग्रामीणों ने निर्माण का निरीक्षण कर जांच करने की मांग की है ताकि घटिया निर्माण का खुलासा हो सके।

**खास बात**
- पंच समेत ग्रामीणों ने की जांच की मांग

ग्राम पंचायत देवगढ़ के झींगा नाला में 2 करोड़ 61 लाख 74 हजार की लागत से एनीकट सह काजवे का निर्माण कराया जा रहा है। जल संसाधन विभाग की देखरेख में हो रहे एनीकट निर्माण शुरू होते ही विवादों के घेरे में आ गया। ग्रामीणों ने एनीकट सह काजवे निर्माण में लापरवाही बरतने एवं घटिया निर्माण कराने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने महिला पंच के नेतृत्व में मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के शुरुआती दौर में जो मजबूती देनी थी वह मजबूती न देकर काफी घटिया तरीके से नींव का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा निर्माण मे जो सामग्री का उपयोग किया गया है वह काफी निम्नस्तर का है। एनीकट के निर्माण में छड़ से लेकर सीमेंट तक मे गुणवत्ता का ध्यान नही रखा गया है। जिसकी वजह से नींव की मजबूती काफी प्रभावित हो गई है।



निर्माणाधीन एनीकट।

**कटाव से बढ़ रहा नाला का आकार**

ग्रामीणों का कहना है कि जिस नाले में जल संसाधन विभाग की देखरेख में एनीकट सह काजवे का निर्माण हो रहा है। उस नाले का बहाव काफी तेज और मिट्टी काफी भुरभुरी है। जिसकी वजह से नाले में होने वाले कटाव की वजह से नाले का आकार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अगर एनीकट सह काजवे निर्माण कार्य की मजबूती पर ध्यान नही दिया गया तो वह भविष्य के लिए घातक साबित होगा।

**शिकायत के बाद भी नहीं आया सुधार**

ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुधारने की बात कही थी परंतु उनकी बात अनसुनी कर दी गई। जिससे नाराज ग्रामीण राजीव, आलोक, हंसराज, मुकेश, सुरेश, अनुज सहित अन्य लोगों ने महिला पंच विरजनिया अनिला एक्का के नेतृत्व में विधायक रामकुमार टोप्पो समेत एसडीओ जल संसाधन विभाग को ज्ञापन सौंप निर्माण में सुधार की मांग की। बावजूद इसके जल संसाधन विभाग की देखरेख में हो रहे एनीकट सह काजवे निर्माण में कोई सुधार नहीं किया गया।

**सुधार के दिए गए है निर्देश**

एनीकट निर्माण गुणवत्ताहीन किए जाने की शिकायत को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों के ज्ञापन के आधार पर निर्माण कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए गए है। उप अभियंता मौके पर जाकर निर्माण की मॉनिटरिंग कर रहे है।

-शुभम गुप्ता
एसडीओ जल संसाधन विभाग

।निर्माण के दौरान घटिया कार्य को लेकर पंच समेत ग्रामीणों ने अपना विरोध दर्ज कराया था और निर्माण कार्य में सुधार लाने की बात कही थी। लेकिन ग्रामीणों की बात अनसुनी करते हुए निर्माण की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं किया गया।

## गीता पाठ में जीवन की प्रवृत्तियों पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महामना मालवीय मिशन द्वारा जमुना लाल श्रीवास्तव के निवास में गीता पाठ का आयोजन किया गया।उपस्थित सदस्यों ने मानव स्वभाव का दार्शनिक विश्लेषण एवं श्रीमद्भगवद्गीता का गुणत्रयविभाग योग पर व्याख्यान दिया।

श्रीमद्भगवद्गीता का 14वाँ अध्याय गुणत्रय विभाग योग मानव स्वभाव, कर्म और जीवन की प्रवृत्तियों को समझने का गहन दार्शनिक आधार प्रस्तुत करता है। इस अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को बताते हैं कि सम्पूर्ण प्रकृति तीन मूलभूत गुणों—सत्त्व, रजस और तमस से निर्मित है। यही तीनों गुण मनुष्य के विचार, व्यवहार और कर्म प्रभावित करते हैं तथा आत्मा को संसार के बंधनों में बाँधते हैं। इन गुणों को समझना और उनसे ऊपर उठना ही आत्मिक मुक्ति का मार्ग है।संस्था के अध्यक्ष ब्रम्हा शंकर सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि यह समस्त भौतिक जगत प्रकृति से उत्पन्न हुआ है और प्रकृति के भीतर ही ये तीनों गुण सक्रिय रहते हैं। मनुष्य का शरीर, उसकी प्रवृत्तियाँ और उसके कर्म इन्हीं गुणों के प्रभाव से संचालित होते हैं। यद्यपि आत्मा स्वयं शुद्ध और अविनाशी है, फिर भी प्रकृति के इन गुणों से प्रभावित होकर वह जन्म-मरण के चक्र में बँधी रहती है।सुनिल दत्त पाण्डेय ने कहा कि एसटीवी गुण प्रकाश और संतुलन का मार्ग है तीनों गुणों में सत्त्वगुण को सबसे शुद्ध और संतुलित माना गया है। सत्त्व का अर्थ है प्रकाश, ज्ञान और पवित्रता। जब मनुष्य के भीतर सत्त्वगुण की प्रधानता होती है, तब उसके जीवन में शांति, संतुलन, विवेक और नैतिकता का विकास होता है। ऐसा व्यक्ति ज्ञान की ओर उन्मुख होता है और सत्य की खोज करता है। गीता के अनुसार सत्त्वगुण मनुष्य को सुख और ज्ञान से जोड़ता है। सात्त्विक व्यक्ति का जीवन संयमित, संतुलित और समाज के लिए हितकारी होता है। मृत्यु के बाद भी ऐसे व्यक्ति उच्च लोकों को प्राप्त होते हैं, क्योंकि उनका जीवन अधिक पवित्र और आध्यात्मिक होता है।राम नारायण शर्मा ने कहा कि कर्म और इच्छाओं के प्रभाव से कोई व्यक्ति वंचित नहीं है। गीता के अनुसार दूसरा गुण है रजोगुण, जो गतिविधि, महत्वाकांक्षा और इच्छाओं का प्रतीक है। राजस मनुष्य को कर्म के लिए प्रेरित करता है, परन्तु इसके साथ ही यह उसे तृष्णा, लालच और अहंकार में भी बाँध देता है। रजोगुण के प्रभाव में मनुष्य निरंतर सफलता, प्रतिष्ठा और भौतिक उपलब्धियों के पीछे दौड़ता रहता है।दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि रजोगुण की प्रधानता वाले व्यक्ति कर्मशील तो होते हैं, लेकिन उनके भीतर स्थायी शांति का अभाव रहता है। वे इच्छाओं और परिणामों की चिंता में उलझे रहते हैं। गीता के अनुसार ऐसे लोग मृत्यु के बाद पुनः मनुष्य योनि में जन्म लेते हैं और कर्म के चक्र में बँधे रहते हैं।प्रकाश कश्यप ने तमोगुण को अज्ञान और जड़ता का प्रभाव वाला बताया तथा कहा कि तमोगुण है अज्ञान, आलस्य और भ्रम का प्रतीक है। तमस मनुष्य को जड़ता, प्रमाद और अंधकार की ओर ले जाता है। जय प्रकाश गुप्ता ने कहा कि जब तमोगुण का प्रभाव बढ़ता है, तब व्यक्ति विवेक खो देता है और उसके जीवन में आलस्य, अव्यवस्था तथा नकारात्मकता बढ़ने लगती है।जी के अग्रवाल ने कहा कि गीता का यह अध्याय केवल गुणों का वर्णन ही नहीं करता, बल्कि उनसे ऊपर उठने का मार्ग भी बताता है। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि जब मनुष्य यह समझ लेता है कि वास्तव में कर्मों का संचालन प्रकृति के गुण ही करते हैं और आत्मा उनसे परे है।





## ग्राम रविन्द्रनगर से एनएच को जोड़ने वाली निर्माणाधीन सड़क की रफ्तार पड़ी धीमी

**बिश्रामपुर।** विकासखंड सूरजपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रविंद्रनगर नवापारा में इन दिनों बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य लोगों के लिए राहत की बजाय परेशानी का सबब बन गया है। नेशनल हाईवे 43 से गांव तक लगभग 4 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण करीब 6 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है, लेकिन इसकी धीमी रफ्तार और अधूरे काम ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है, जिससे रोजमर्रा के आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर सब्जी किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुंचाने में काफी परेशानी हो रही है। कई बार खराब रास्ते के कारण वाहन फंस जाते हैं या देर से पहुंचते हैं, जिससे आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं निर्माणाधीन सड़क पर दिनभर दौड़ते वाहनों से उड़ने वाली धूल ने पूरे इलाके का माहौल खराब कर दिया है। घरों, दुकानों और खेतों तक धूल की मोटी परत जम रही है। इससे खासकर दमा और अन्य श्वास रोग से पीड़ित लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। गांव के लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द इसे पूरा किया जाए। साथ ही निर्माण के दौरान धूल नियंत्रण के लिए नियमित पानी छिड़काव जैसी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

- उड़ती धूल से यहां से गुजरने वाले किसानों और राहगीरों को हो रही परेशानी



## गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत रैली निकालकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

गौ सम्मान आहवान अभियान के तहत तहसील लटोरी अंतर्गत आने वाले कई गांव के गौ प्रेमी, सनातनी आज सोमवार को पुलिस चौकी के समीप दशहरा मैदान लटोरी में गौ माता को साज सज्जा कर अक्षत तिलक आरती की एवं विधिवत पूजा अर्चना कर राम नाम संकीर्तन व उमंग के साथ भजन करते हुए रैली निकाली गई। रैली मुख्य बाजार लटोरी होते हुए गौ माता को राष्ट्र माता बनाना है, गौ माता की जय, गौ हत्या बंद हो का नारा बुलंद करते हुए विशाल रैली तहसील कार्यालय पहुंची। तहसील कार्यालय के सामने गौ माता की पूजा अर्चना पश्चात तहसीलदार को राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम से चौदह हजार सात सौ छत्तीस हस्ताक्षर युक्त मूल प्रति प्रतिवेदन दिया गया, ताकि गौ वध जैसे जघन्य अपराध पर कठोर कानून बन सके। साथ ही उनके संरक्षण संवर्धन के लिए उचित उपाय किया जा सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्यम गर्ग, विजय शर्मा, विवेकानंद, ठाकुर राजवाड़े, दिनेश सिंह, विनोद वैष्णव, विनोद शाह, मालती, हरीश राजवाड़े, ठाकुर पैकरा, विवेक जायसवाल, ललन , दशरथ राजवाड़े, रितेश गुप्ता, शिव सिंह सहित अन्य सक्रिय रहे।

### गो-सम्मान आह्वान अभियान के तहत तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**लखनपुर।** गो-रक्षा एवं गोवंश संरक्षण को लेकर संचालित गो-सम्मान आह्वान अभियान के तहत लखनपुर क्षेत्र में अभियान से जुड़े नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि भारतीय संस्कृति, अर्थव्यवस्था, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संतुलन में गाय की महत्वपूर्ण स्थान रहा है। किंतु वर्तमान परिस्थितियों में गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन में कमी के चलते उनकी स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग की गई है कि गो-रक्षा, सेवा एवं संरक्षण के लिए प्रभावी और ठोस कदम उठाए जाएं, जिससे गोवंश सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सके। ज्ञापन सौपने के दौरान दिनेश साहू, रवि भूषण पांडेय, प्रदीप गुप्ता, विक्रम सिंह, सुभाष अग्रवाल, यतेंद्र पांडेय, सुरेश साहू, लक्ष्मण साहू, सुरेंद्र साहू, कामेश्वर राजवाड़े, अजय सिंह, सुनील ठाकुर, अखिलेश राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202604021700001/ ब-121/2025-26

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशान्त मण्डल आ. स्व. महेन्द्र मण्डल, निवासी ग्राम अजिरमा, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम अजिरमा स्थित भूमि खसरा नंबर 149/1 रकबा 0.9000 हे0 में से 70 डिसमिल भूमि बैंक ऋण चुकाने तथा स्वयं के व्यवसाय हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक नरेश कुमार विश्वास आ० स्व० परेश विश्वास, निवासी ग्राम संजयनगर, तहसील लटोरी, जिला-सूरजपुर (छ०ग०) को रू0 7,00,000/- (सात लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13/05/2026 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
अम्बिकापुर-02

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/210/Q/वाचक -2/2025 सूरजपुर दिनांक 10/4/2026

**// सार्वजनिक घोषणा/ईश्तहार //**

सर्व साधारण ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम/नगर... प.ह.नं.16 तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक बालेश्वर पिता स्व.चैन सिंह जाति गोड़ निवासी ग्राम पोड़ी पोस्ट केतका थाना सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने पुत्र/पुत्री/माता लवांगो पति चैन सिंह मृत्यु तिथि 23/12/2023 स्थान पोड़ी के मृत्यु पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसमें कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस न्यायालय में जिस व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभावक द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 01/05/2026 दिन शुक्रवार को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
उप तह.मानी. तहसील सूरजपुर
जिला-सूरजपुर(छ.ग.)

**न्यायालयः डी.एस. बघेल, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सूरजपुर, जिला - सूरजपुर (छ.ग.)**

**-ईश्तहार-**

प्रोसेस नम्बर 138/26
उ.प्र.क्र.-22/2026
पेशी तिथि -29/06/2026

1. श्रीमती सरिता पत्नि स्व. बलजीत उम्र 46 वर्ष
2. रीता पुत्री स्व. बलजीत आयु 21 वर्ष
3. प्रिती पुत्री स्व. बलजीत आयु 15 वर्ष
4. शिवा विश्वकर्मा आ. स्व. बलजीत आयु 11 वर्ष

क्र. 3 व 4 नाबलिक द्वारा अपनी माता एवं नैसर्गिक अभिभाविका आवेदिका क्र.-1 श्री सरिता पत्नि स्व बलजीत सभी जाति लोहार निवासी शांतिपारा भटगांव पोस्ट थाना व तहसील भटगांव, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

-------आवेदिकागण

प्रति,
1. श्रीमती जानकी पुत्री जगत विश्वकर्मा आयु 55 वर्ष निवासी ग्राम बरपारा पोस्ट थाना व तहसील भटगांव, जिला सूरजपुर (छ.ग.)
2. उप-क्षेत्रीय प्रबंधक कल्याणी उपक्षेत्र एस.ई.सी.एल. भटगांव जिला सूरजजुर (छ.ग.)
3. आम जनता। -------

अनावेदकगण

इस ईश्तहार के जरिये अनावेदकगण व आम जनता सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण क्र.-01 के पति एवं क्र.-02 से. 04 के पिता तथा अनावेदक क्र.-1 के पति स्व. बलजीत कल्याणी उपक्षेत्र एस.ई.सी.एल. भटगांव के पद पर कार्यरत थे जिनकी मृत्यु सेवाकाल के दौरान दिनांक 22.05.2025 को हो चुका है। स्व. बलजीत की मृत्यु के पश्चात् उसके उत्तराधिकारी, आवेदिकागण क्र.-1 से 4 हैं. जो इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बावत् आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भा. उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत किये है। स्व. बलजीत की मृत्यु के पश्चात मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि, गेज्युटी, नौकरी के दौरान मृत्यु पर उपदान राशि देय क्लेम, बकाया वेतन का भुगतान, पेंशन का भुगतान, बीमा, अनुकम्पा नियुक्ति हेतु स्व. बलजीत के आश्रित आवेदिकागण को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। इस प्रकार स्व. बलजीत निवासी शांतिपारा भटगांव, पोस्ट थाना व तहसील भटगांव, जिला सूरजपुर (छ.ग.) की मृत्यु के उपरांत प्रथम उत्तराधिकारी माना आवेदिकागण ही है। यदि कोई व्यक्ति कोई दावा या हक रखते हैं तो मय कैफियत के साथ पेशी दिनांक 29.06.2026 को दिन के ठीक 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों।

अतः आप, बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो आपके विरुद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

आज दिनांक 07/04/2026 को इस न्यायालय कि मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(डी.एस.बघेल)**
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

## गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन



**सलका अधिना/ भैयाथान।** अखिल भारतीय संत समाज के आह्वान पर गौ माता के संरक्षण एवं सम्मान हेतु राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाने की मांग को लेकर भैयाथान ब्लॉक में व्यापक जन अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से प्रत्येक परिवार के सदस्यों के हस्ताक्षर एकत्रित किए गए। अभियान के तहत 5000 हस्ताक्षरों से युक्त प्रार्थना पत्र तैयार कर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम प्रेषित किया गया। गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत विशाल रैली की शुरुआत सलका स्थित शिव मंदिर प्रांगण से हुई। इसके बाद गायत्री मंदिर भैयाथान में एकत्रीकरण कर श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया। संकीर्तन एवं भक्ति भाव के साथ निकली इस रैली में बड़ी संख्या में गौ भक्तों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। रैली तहसील कार्यालय पहुंची, जहां सभी गौ सेवकों ने तहसीलदार उमेश कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की प्रमुख मांग रखी गई। इस अवसर पर उपस्थित गौ सेवकों एवं नागरिकों ने कहा कि यह अभियान भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपराओं की रक्षा का प्रतीक है।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अप्रैल 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 9 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 03 मई, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

TOP IN SURGUJA
ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेंटर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### प्रेमचंद ने रक्तदान कर लोगों को किया प्रेरित

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 निवासी एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने वाले प्रेमचंद गुप्ता ने 10 वीं बार रक्तदान किया। उन्होंने 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। प्रेमचंद गुप्ता लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उनका मानना है कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से बहुत अच्छा महसूस होता है। यह न केवल दूसरों के जीवन को बचाने का माध्यम है, बल्कि इससे स्वयं को भी संतोष मिलता है। उन्होंने लोगों से भी आगे आकर रक्तदान करने की बात कही। शिविर में अन्य लोगों ने भी भाग लेकर रक्तदान किया और समाज में सकारात्मक संदेश दिया।

### दिवंगत प्रधान आरक्षक की पत्नी को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने दिवंगत प्रधान आरक्षक जवाहर लाल सिंह की पत्नी दुर्गावती सिंह को सोमवार को महिला आरक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया है। सेवा के दौरान आकस्मिक मृत्यु को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा ने अनुकंपा नियुक्ति संबंधी सभी कार्रवाई जल्द पूरी करते हुए नियुक्ति देने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में एसएसपी ने सोमवार को दुर्गावती सिंह को महिला आरक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने चर्चा कर आवास के बारे में पूछा जिस पर नवनियुक्त महिला आरक्षक ने आवास गृह की आवश्यकता बताई जिस पर उन्होंने दुर्गावती को जल्द आवास गृह आबंटित करने का आश्वासन दिया है।



### चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**सूरजपुर।** बाइक चोरी का बिक्री करने ग्राहक तलाश रहे बाइक चोर को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई बाइक को जब्त कर आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को अवैध कार्यों पर पूर्णतः अंकुश लगाने व किसी प्रकार की अवैध कार्यों की सूचना पर विधि के अनुसार चेकिंग कर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी परिप्रेक्ष्य में चौकी बसदेई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम बसदेई हाई स्कूल के सामने मेन रोड के पास एक व्यक्ति चोरी के बाइक को बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर चौकी बसदेई पुलिस मौके पर पहुंची जहां बाइक सहित ग्राम बिरमताल निवासी जगन्नाथ दुबे उर्फ टांगर पंडित आ. स्व. रामप्यारे दुबे (24 वर्ष) को पकड़ा और बाइक का दस्तावेज की मांग तो जगरनाथ कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं सका। साथ ही बताया कि वह बाइक को 8-9 दिन पहले एक अन्य व्यक्ति के साथ विश्रामपुर के समीप गांव से चोरी करने की बात कही। पुलिस ने बाइक को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 35(1-घ),/303(2) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं फरार 1 अन्य आरोपी की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रही।



## वेलकोटा उद्यान विभाग के अधीक्षक का बड़ा कारनामा

# निजी फायदे के लिए 2 एकड़ प्लाट में लगवा दी कद्दू की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

बेलकोटा स्थित शासकीय उद्यान विभाग में गजब कारनामा देखने को मिला है। जहां उद्यान विभाग के अधीक्षक न सिर्फ शासकीय नियमों का धज्जियां उड़ा रहे है बल्कि प्राइवेट कंपनी से अनुबंध कर उद्यान में अवैध रूप से कद्दू की खेती की जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि उद्यान के लगभग 2 एकड़ भूमि में बीज उत्पादन के लिए फसल लगाई गई है बावजूद इसके घटना की जानकारी अधिकारियों को भी नहीं है।

**खास बातें**

- शासकीय संपत्ति का हो रहा दुरुपयोग
- क्षेत्र के लोगों ने की जांच व कार्रवाई की मांग

विकासखंड बतौली के वेलकोटा में स्थित शासकीय उद्यान विभाग में पदस्थ अधीक्षक केशवचंद सिदार के देख रेख में संचालित है। इधर उच्चाधिकारियों के उद्यान का निरीक्षण नहीं करने से अधीक्षक के न सिर्फ हौसले बुलंद है बल्कि मनमानी तरीके से सारे नियमों को ताक में रखते हुए शासकीय संपत्ति का दुरुपयोग किया जा रहा है। अधीक्षक द्वारा एक निजी कंपनी से अनुबंध करते हुए लगभग 2 एकड़ उद्यान की भूमि में कद्दू (कोहड़ा) की फसल लगाई गई है जबकि वर्तमान में वेलकोटा उद्यान में बरबट्टी व दोड़का का बीज उत्पादन का कार्य चल रहा है जहां मनरेगा अंतर्गत मजदूर कार्य में लगे हुए है। इसके अलावा दूर दराज के किसान यहां खेती के तरीके सीखने आते है जहां उद्यान विभाग द्वारा उच्च स्तरीय देखरेख में फलदार पेड़ पौधे सहित उच्च किस्म के बीज का उत्पादन किया जाता है। ऐसे में उच्च अधिकारियों के सतत निगरानी में हो रहे वेलकोटा उद्यान के कार्य में सवाल उठने लगे है। उद्यान अधीक्षक केशवचंद सिदार द्वारा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए जशपुर बगीचा के प्राइवेट कंपनी कृषि केंद्र से अनुबंध कर उद्यान के 2 एकड़ प्लाट में कद्दू का बीज उत्पादन हेतु फसल लगाया गया है। अधिकारियों के नाक के नीचे अधीक्षक सिदार द्वारा यह अवैध कमाई हेतु फसल लगाया गया है जो जांच का विषय है



बेलकोटा उद्यान मे लगए गए कद्दू की फसल।

**एक अधिकारी दो नियम**

विडंबना है कि उद्यान अधीक्षक केशवचंद सिदार द्वारा खुद को लाभ पहुंचाने कद्दू की खेती अच्छी देखरेख में करते हुए 2 एकड़ में लगाया गया है जहां मनरेगा के मजदूर समय रहते कद्दू की फसल में पानी डालना,फूल कॉर्स कराना सहित सभी कार्य अधीक्षक के निर्देश पर कर रहे है। वहीं दूसरी ओर शासन को भेजने वाले बरबट्टी व दोडका की फसल में घोर लापरवाही बरती जा रही है। फसल सुख कर मर रहा है जिससे साफ साफ पता चल रहा है कि अधीक्षक द्वारा मनमानी तरीके से अवैध खेती पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है जो शासन के नियमों की खुलेआम अवहेलना है। जहां मनमानी रूप से शासन से मिलने वाले खाद्य सामग्री सहित मजदूरों को अवैध खेती में लगाया जा रहा है।

**कराई जाएगी जांच**

बेलकोटा उद्यान में निजी कंपनी द्वारा बीज उत्पादन के लिए फसल लगाई गई है तो गलत है। मेरी नई ज्वाइनिंग है। मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

-हितेंद्र कुमार मेश्राम
उप संचालक उद्यान



## मंत्री अग्रवाल ने 283 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

नगर पंचायत लखनपुर में सोमवार को विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू ने की।

इस दौरान अधोसंरचना मद, 15वें वित्त आयोग एवं डीएमएफ मद के अंतर्गत 283.10 लाख रुपये की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इससे नगर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को नई गति मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित मेडिकल मोबाइल यूनिट का निरीक्षण किया गया और उनकी सेवाओं की जानकारी ली गई। साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा जनगणना 2027 को लेकर जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रचार-प्रसार किया गया तथा स्व-जनगणना कार्य भी संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।



### जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष ने खेल मैदान का किया भूमि पूजन

**कुसमी।** ग्राम पंचायत प्रेम नगर में जिला पंचायत विकास मद से स्वीकृत खेल मैदान का भूमि पूजन जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी की मुख्य आतिथ्य में किया गया।खेल मैदान के समतलीकरण हेतु 4 चार लाख रुपए की राशि ग्रामीणों की मांग पर खेल मैदान को बनाने का निर्णय लेते हुए जिला पंचायत मद से 4 चार लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। ,इस अवसर पर ग्राम पंचायत के बीडीसी, सरपंच, पंच, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरामुनि निकुंज एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी द्वारा केंद्र की मोदी सरकार सहित छत्तीसगढ़ सरकार की शासन द्वारा दी जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए उनसे लाभ लेने की बात कही गई। इस दौरान कृष्ण मुरारी सोनी, विंदू सिंह, मुरली राम, दुर्गा जायसवाल, उपेंद्र सिंह, पारस पाल, इंद्रदेव निकुंज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अंबिकापुर अग्निकांड के बाद सूरजपुर में भी बढ़ी सतर्कता की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर में हाल ही में पटाखा और प्लास्टिक कारोबारी के रिहायशी क्षेत्र में संचालित गोदाम में हुई भीषण आगजनी की घटना ने पूरे सरगुजा संभाग को भीतर से हिला कर रख दिया है। इस भयावह हादसे में जहां आसपास के लोगों को भारी नुकसान और दहशत का सामना करना पड़ा, वहीं घटना के कई दिन बाद भी आग पूरी तरह से शांत नहीं हो पाई है, जो इसकी गंभीरता को दर्शाता है।

- घनी आबादी क्षेत्र में स्थापित पटाखा कारोबारियों के दुकान-गोदाम स्टॉक व भंडारण की जांच जरूरी

इस घटना के बाद प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रिहायशी इलाके में बिना वैध अनुमति के इतनी बड़ी मात्रा में पटाखों का भंडारण किया जा रहा था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या संबंधित विभाग—पुलिस, नगर निगम और प्रशासन—को इसकी जानकारी नहीं थी, या फिर निगरानी में कहीं न कहीं चूक हुई।

अंबिकापुर की इस घटना के बाद अब सूरजपुर जिले में भी सतर्कता बढ़ाने की मांग तेज हो गई है। जानकारों के अनुसार, सूरजपुर जिला मुख्यालय के साथ-साथ बिश्रामपुर और भटगांव जैसे कॉलरी क्षेत्रों में दीपावली, छठ पूजा, शादी-विवाह एवं अन्य आयोजनों के दौरान पटाखों की भारी खपत होती है। इसके चलते स्थानीय व्यापारी बड़ी मात्रा में पटाखों का भंडारण अपनी दुकानों, गोदामों में करते हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि जिले में संचालित सभी पटाखा कारोबारियों के स्टॉक का सत्यापन किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं रिहायशी क्षेत्रों में अवैध या असुरक्षित तरीके से भंडारण तो नहीं किया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में अंबिकापुर जैसी घटना की पुनरावृत्ति से इंकार नहीं किया जा सकता।स्थानीय नागरिकों ने सूरजपुर जिला प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही विशेष अभियान चलाकर पटाखा कारोबारियों के लाइसेंस, स्टॉक और भंडारण स्थलों की जांच की जाए। साथ ही सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### पत्नी से हुआ विवाद तो पति ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** पत्नी के साथ हुए विवाद और दोनों के बीच मनमुटाव होने पर पति ने कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम भिठवा कुम्हारपारा निवासी कृष्णा कुमार सिंह आ. गणेश राम (31 वर्ष) 25 अप्रैल को शराब पीने के बाद बाइक से अपने ससुराल राजपुर चला गया। ससुराल में किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। विवाद के बाद दोनों के बीच मनमुटाव हो जाने पर युवक कमरे में गया और कीटनाशक पी लिया। इधर युवक को कीटनाशक पीते देश रिश्तेदार शीला बाई ने कीटनाशक का डिब्बा छीन फेंक दिया और घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन युवक को लुण्ड्रा अस्पताल में भर्ती क्रराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान रात में युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### उप अभियंता ने शिकायत के खिलाफ की जांच की मांग

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के कुसमी में पदस्थ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता ने अपने उपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए शिकायत की गंभीरता से जांच की मांग की है। महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप के बाद उप अभियंता ने कलेक्टर, एसपी और विभाग के प्रमुख अभियंता को भी डाक के माध्यम से शपथ पत्र भेजा है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता अम्बरीश यादव के खिलाफ एक अज्ञात महिला ने शादी का झांसा देकर तीन वर्षों तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए महिला आयोग से शिकायत की थी। मामला सामने आने के बाद उप अभियंता श्री यादव ने कलेक्टर, एसपी व ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियन्ता को सौंपे ज्ञापन में आरोप को निराधार बताया और कहा कि उन्हें फंसने की कोशिश की जा रही है। आयोग को महिला द्वारा दिए गए कथित आपत्तिजनक और पैसे की लेन-देन चैट को भी फर्जी बताया है। उन्होंने झूठी शिकायत करने वाली महिला के खिलाफ जांच कराने की मांग करते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की है। उप अभियंता अम्बरीश यादव का कहना है कि वह शादी शुदा है और उसके तीन बच्चे है। उप अभियंता की पत्नी ने भी शपथ पत्र दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि पति के खिलाफ कहीं भी शिकायत नहीं कराई है।

## कृषि आदान व्यापारियों ने दी खरीफ सीजन के पूर्व अनिश्चितकालीन आन्दोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

छग एग्री इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के अंतर्गत कृषि आदान व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल करने के साथ ही कलेक्टर के माध्यम से पीएम को ज्ञापन सौपा है। एसोसिएशन का कहना है कि उनकी 12 सूत्रीय मांगों को 10 वर्षों से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अनसुना किया जा रहा है। अब मांग पूर्ण नहीं होने पर उन्होंने खरीफ सीजन के पहले अनिश्चिकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

- कलेक्टर के माध्यम से सौंपा ज्ञापन

व्यापारियों का कहना है कि उर्वरक निर्माता कंपेनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अनुपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग को अपराध घोषित किया जाए और उत्तर प्रदेश सरकार के निर्णय की तर्ज पर पूरे देश में अनुदानित उर्वरक के साथ गैर-अनुदानित उत्पाद बेचने की बाध्यता पर रोक लगे। खाद की डिलीवरी डीलर के बिक्री केंद्र तक कंपनियों द्वारा सुनिश्चित की जाए। वर्तमान में यूरिया जैसे खाद की डिलीवरी रेल-हेड पर दी जा रही है, जिससे डीलरों को प्रति बैग 40 से 50 रुपये का अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ रहा है। इसी प्रकार बढ़ती लागत और महंगाई को देखते हुए उर्वरकों पर डीलर मार्जिन को बढ़ाकर कम से कम 8 प्रतिशत किया जाए। ग्रामीण खुदरा विक्रेताओं के लिए पोर्टल को वैकल्पिक बनाया जाए और इसकी अनिवार्यता केवल निमार्ताओं एवं थोक विक्रेताओं तक सीमित रखी जाए। व्यापारियों के अनुसार अवैध बीजों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगे या अधिकृत डीलरों को विनियमित बिक्री की अनुमति दी जाए। एसोसिएशन के सदस्यों ने आगामी एक माह में इन समस्याओं के उचित निराकरण हेतु ठोस कदम उठाने का अनुरोध करते हुए चेतावनी दी है कि यदि इन मांगो को पूरा नहीं किया गया तो आगामी खरीफ सीजन के पूर्व अनिश्चितकालीन आन्दोलन करने को मजबूर होंगे।



### रिस्तेदार युवक ने घर में काम करते हुए की चोरी, गिरफ्तार

**राजपुर।** लुंड्रा के जामपारा निवासी भगवान सिंह आ. शिवलाल ने राजपुर पुलिस से शिकायत की थी कि उसके घर पर रिस्तेदार भोलाराम जनवरी महीने से रहकर काम कर रहा था। 21 अप्रैल की रात 10 बजे परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। देर रात ढाई बजे जब उसका पुत्र शौच के लिए उठा तो देखा की घर का दरवाजा खुला हुआ है। जांच करने पर पता चला कि घर में रखी बाइक क्रमांक सीजी 30 यू 6989 गायब थी। इसके साथ ही घर में रखा 70 हजार रूपए नगदी, मोबाइल फोन व अन्य सामान चोरी हो गया था। घटना के बाद भोला राम गायब था। पुलिस द्वारा मामले की जांच करने के साथ ही संदेह के आधार पर लुंड्रा जामपारा निवासी 23 वर्षीय भोला राम आ. धीरेन्द्र सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो युवक पहले पुलिस को गुमराह करता रहा लेकिन बाद में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी भोला राम के पास से चोरी की बाइक व अन्य सामान को बरामद किया।



KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## महिला मोर्चा ने किया राहुल का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक का विरोध करने को लेकर जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महापौर मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह एवं जन आक्रोश महिला सम्मेलन की प्रदेश प्रभारी श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया शामिल हुई। इसके साथ ही भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शुभांगी बिहाडे के नेतृत्व में घड़ी चौक पर विधेयक का विरोध करने वाले लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक महिलाओं को सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कदम है। इसका विरोध करने वाले इंडी गठबंधन के नेता महिलाओं के सम्मान का अपमान कर रहे हैं। भाजपा महिलाओं के हक की रक्षा के लिए सदैव खड़ी रहेगी। जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह ने कहा कि यह विधेयक महिलाओं को विधायिका में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर सच्ची नारी शक्ति को मजबूत करेगा। कांग्रेस के विरोध से महिलाओं के अधिकारों पर प्रहार हो रहा है, जिसका हम दृढ़ता से मुकाबला करेंगे। दिव्या सिंह सिसोदिया ने कहा कि प्रदेश स्तर पर जन आक्रोश महिला सम्मेलन के माध्यम से हम नारी शक्ति के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगे। राहुल गांधी का यह रवैया महिलाओं के खिलाफ षड्यंत्र है, जिसके विरुद्ध भाजपा की महिलाएं सड़क से संसद तक लड़ेंगी। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका चौबे एवं नीलू गुप्ता ने किया। इस दौरान युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रिया सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निशांत सिंह (सोलू), एमआईसी सदस्य ममता तिवारी, प्रियंका गुप्ता, पार्षद किरण सिंह तोमर, रजनी बिंद, नीलम राजवाड़े, पूनम टेकाम, बबली नेताम, सरस्वती यादव, शालिनी सिंह, रूपा गुप्ता, हीरमैन राजवाड़े, कौशल्या राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया
क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं ईलाज हेतु संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई, 25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:- स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- + (5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
इलाज में सबसे सस्ता, व्यवस्था में सबसे अच्छा
जोड़ा तालाब के सामने, बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल – जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS, DCH, DNB – शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS, DNB, Ortho – हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी. के. ढामले – MBBS, DCH, DNB – नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गाड़िया – MBBS, MS (General Surgeon) – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गाड़िया – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता – श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित – MBBS, DNB, Ortho – हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा – एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. सुरभि – दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू – फिजियोथेरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
9826183780, 8224007799, 9425583780, 9406183780
8224007766, 8224007755, 9406183780, 8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध